डॉ. लक्ष्मीनारायण के जन्म दिवस पर विशेष

हिसार - डाबड़ा चौक, हिसार में स्थित सारस्वत हस्पताल के निदेशक एवं जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य डॉ. लक्ष्मीनारायण सारस्वत का जन्म 18 सितम्बर 1943 को हरियाणा में जिला हिसार के गांव सिवानी बोलान में हुआ। आप 1964 में बी.ए.एम. एस. की परीक्षा पास करके राजस्थान के श्री गंगानगर में आयुर्वेद चिकित्सक के पद पर नियुक्त हुए। आपने 28 साल तक सेवा करके 30 सितम्बर 1992 को वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के रूप में ए श्रेणी के चिकित्सालय शेरड़ा से स्वेच्छा से सेवानिवृति ले ली। उसके बाद आप चिकित्सा के साथ-साथ धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक व साहित्यिक जगत में रूचि लेने लगे। मृदुभाषी और मिलनसार डॉ. सारस्वत अपनी सच्ची लग्न और ईमानदारी के कारण ही आज विभिन्न संगठनों में उच्च पदों पर विराजमान हैं। आपको अनेकों संस्थाओं द्वारा सम्मानित व पुरस्कृत भी किया जा चुका है। वर्तमान में आप साहित्य कला संगम के प्रधान, नैशनल इन्टीग्रेटिड मैडिकल एसोसिएशन के संरक्षक, विश्व गायत्री परिवार शान्ति कुंज हरिद्वार की हिसार शाखा के प्रवक्ता के रूप में सुशोभित हैं। आपको राजस्थान संस्कृत साहित्य सम्मेलन, जयपुर में राज्यपाल श्री संपूर्णानन्द द्वारा सम्मानित किया गया। 1982 में गणतन्त्र दिवस समारोह में गंगानगर में जिलाधीश श्री प्रहलाद राय शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री गंगानगर, श्री नवल किशोर शर्मा ने भी पुरस्कृत किया। 9 फरवरी 1985 में अजमेर आयुर्वेद विभाग के निदेशक श्री प्रहलाद राय देशश्री ने सम्मानित किया। जयपुर के स्वास्थ्य सचिव श्री आर.जे. मजिठिया द्वारा पुरस्कृत हुए। दिल्ली दूरदर्शन के सुप्रसिद्ध साहित्यकार श्री कमलेश्वर से सम्मानित हुए। ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित परशुराम जयन्ती पर अतिरिक्त जिला न्यायाधीश द्वारा सम्मानित किया गया। राज्यकवि उदयभानु हंस द्वारा साहित्य कला संगम के वार्षिक समारोह में सम्मानित हुए। पंजाब नैशनल बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक श्री रस्तोगी द्वारा पुरस्कृत किए गए। आर्य समाज मॉडल टाऊन के वार्षिक उत्सव पर पूर्व मंत्री श्री हरिसिंह सैनी द्वारा साहित्य अकादमी द्वारा डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। अमेरिका की ए.वी.आई. संस्था द्वारा मैन ऑफ दी ईयर अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिला। आपके षष्टि पूर्ति समारोह पर केन्द्रीय मंत्री कु. शैलजा द्वारा मंगल कलश अभिनन्दन ग्रन्थ का विमोचन किया गया। आप अपने व्यस्त जीवन से समय निकाल कर समय

-सम्य पर शान्ति कुंज हरिद्वार के अस्पताल में भी सेवाएं देते रहते हैं। दक्ष गौरव परिवार आपको जन्म दिन की बधाई देते हुए दीर्घायु होने की मंगल कामना करता है।

साहित्य समाचार

पुस्तक विमोचन

शाहबाद मारकंडा के शायर कुलवंत सिंह रफीक के निवास स्थान पर 'अदबी महफिल' संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरणविद सुरेंद्र बंसल द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'आज भी खरे हैं तालाब' का विमोचन हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी के निदेशक सीआर मोदगिल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंजाबी विभाग के वरिष्ठ प्रो. डा. अमरजीत सिंह कांग ने की। इस मौके डा. सुरिंद्रपाल सिंह, प्रिं. जोगिंद्र सिंह, डा. एन.पी. सिंह, एस.पी. सिंह वधावन, कहानीकार दर्शन सिंह, कवि हरीश खुराना, गुरिंद्रपाल सिंह एवं डा. विनोद मजार के अतिरिक्त नगर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

गोबिंद सिंह भाटिया, साढौरा (यमुनानगर)

दिल के मौसम' का लोकार्पण

हिसार की युवा कवयित्री मीनाक्षी जिजीविषा के नवप्रकाशित काव्य संकलन 'दिल के मौसम' का लोकार्पण समारोह' साहित्य कला संगम' व 'उर्दू दोस्त' संस्थाओं द्वारा स्थानीय आर्य समाज में आयोजित किया गया। प्रसिद्ध कवि उदयभानु हंस ने लोकार्पण किया जबकि डा. राधेश्याम शुक्ल ने संचालन किया। कुमार रवींद्र ने 'दिल के मौसम' पर आलेख पढ़ा और बाद में हुई काव्य-गोष्ठी में सतीश कौशिक, शुभकरण गौड़, संगीता शर्मा, राजेश सरदाना, रघुवीर अनाम, लक्ष्मी नारायण सारस्वत, चंद हिसारी, जयकुमार जैनू, चंद्रशेखर, वीरेंद्र कौशल, अनीता जैन, कमला चमोला, नरेंद्र कश्यप, ओमप्रकाश दिलबर, ओमप्रकाश कादयान एवं अन्य कवियों ने काव्य-पाठ किया।

-कमलेश भारतीय, हिसार